P.V.G.'s

# Muktangan English School & Jr. College,

44, Vidyanagari, Parvati, Pune - 411009.

## Unit Test - I (2025-26)

## Standard - IX

Subject : Hindi (Entire) Marks : 20

Date : 07 | 08 | 2025 Time 8.30 am to 9.30 am

सूचनाएँ १) शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित है ।
२) सभी आकृतियों के लिए पेन का ही प्रयोग करें ।

### विभाग १ – गद्य

**कृति १ अ) निम्नलिखित पठित गद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।**

एक समय था । जब घरों में बिल्ली का आना-जाना बुरा समझा जाता था । परंतु आजकल की परिस्थिति के कारण पुरानी विचारधारा और परंपरा एकदम घपले में पड़ गई है । वही विचार ठीक समझा जाता है जिससे काम चले । पिछले दिनों हमारे घर में बहुत चूहे हो गए थे । उन्हें घर से निकालने के बहुतेरे प्रयत्न किए गए पर हमारी एक न चली । आटे और अनाज के लिए लोहे के ढोल बनवाए गए । यह उपाय कुछ दिनों तक कारगर रहा । परंतु आँख बचाकर चूहे इन ढोलों में भी घुसने लगे । इस समस्या पर कई मित्रों से परामर्श किया गया । आखिर यह फैसला हुआ कि घर में एक बिल्ली पाली जाए । इस प्रस्ताव पर किसी को आपत्ति न थी ।

चुनांचे एक बिल्ली लाई गई । उसकी खूब खातिर होने लगी । कभी बच्चे दूध पिलाते, कभी रोटी देते । उसने विधिपूर्वक चूहों का सफाया शुरू कर दिया । देखते-ही-देखते चूहे घर से गायब हो गए । सब लोग बड़े खुश हुए । बिल्ली प्रायः सब लोगों की थाली से जूठन ही खाती इसलिए हमें इसका कोई खर्च भी नहीं पड़ा । दो महीने बाद वह समय आ गया जब हम चूहों को तो भूल गए और बिल्ली से तंग आ गए । हमने सोचा चूहे तो खाली अनाज ही खाते थे, कम-से-कम परेशान तो नहीं करते थे । यह बिल्ली खाने में भी कम नहीं और हमें तंग भी करती रहती है । उसके प्रति हमारा व्यवहार बदल गया ।

**१) आकृती पूर्ण कीजिए ।**

बिल्ली की खातिरदारी ऐसे होती थी ।

| | |
|---|---|
| | |

२)अ) निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए । (1)

१) रोटी - [ ]

२) घर - [ ]

आ) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए । (1)

१) विचारधारा - [ ]

२) थाली - [ ]

३) अभिव्यक्ति -

चूहों के कारण उत्पन्न हुई समस्याओं का वर्णन अपने शब्दों में ६-८ पंक्तियों में लिखिए । (2)

## विभाग २ - गद्य


कृति २ अ) निम्मलिखित पठित पद्यांश पढ़कर दी गई सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

है बिखेर देती वसुंधरा
मोती, सबके सोने पर ।
रवि बटोर लेता है उनको
सदा सबेरा होने पर ।।

और विरामदायिनी अपनी
संध्या को दे जाता है ।
शून्य श्याम तनु जिससे उसका
नया रूप छलकाता है ।।

पंचवटी की छाया में है
सुंदर पर्ण कुटीर बना,
उसके सम्मुख स्वच्छ शिला पर
धीर-वीर निर्भीक मना ।।

१) आकृती पूर्ण किजिए । (1)



२ क) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए । (1)

१) छाया -

२) संध्या -

ख) निम्नलिखित वाक्य में उचित विरामचिह्नों का प्रयोग कीजिए । (1)

१) जूलिया मैं तुम्हारी तनख्वाह का हिसाब करना चाहता हूँ

३) अभिव्यक्ति (2)

है बिखेर देती ---------
-----------------
-----------------
सदा सबेरा होने पर ।।

उपर्युक्त इन चार पंक्तियों का सरल अर्थ ६-८ पंक्तियों में लिखिए ।

## विभाग ३ – व्याकरण

कृति ३ सूचनाओं के अनुसार कृतियाँ कीजिए ।

१) निम्नलिखित वाक्य पढ़कर प्रयुक्त कारक पहचानकर उसका भेद लिखिए । (1)

१) मालकिन ने पैसे दिए थे ।

| कारक चिह्न | कारक भेद |
|---|---|
| | |

२) निम्नलिखित वाक्य में सहायक क्रिया पहचानकर उसका मूल रूप लिखिए । (1)

१) बिल्ली रसोई के आसपास कोने में दुबककर बैठ जाती ।

| सहायक क्रिया | मूलरुप |
|---|---|
| | |

निम्नलिखित क्रिया का प्रथम प्रेरणार्थक और द्वितीय प्रेरणार्थक रूप लिखिए । (1)

| क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक रूप | द्वितोय प्रेरणार्थक रूप |
|---|---|---|
| तोड़ना | | |

४) अशुद्ध वाक्य को शुद्ध करके वाक्य फिर से लिखिए । (1)

१) तुम्हे इसी का तो पैसे मिलते है ।

५) निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर अपने सार्थक वाक्य में प्रयोग कीजिए । (1)

१) ठग लेना -

## विभाग ३ – उपयोजित लेखन

कृति ४ पत्रलेखन–

निम्नलिखित जानकारी के आधारपर पत्रलेखन कीजिए । (5)

भरत / भारती शर्मा, गजानन कॉलनी, गोरेगाव मुंबई से अपने मित्र / सहेली विशाल / विशाखा पटेल, श्रीकृपा, शिवाजी रोड, संगमनेर को पत्र लिखकर योग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने के लिए बधाई देता / देती है ।

❖❖❖